खाद वितरण की नई तकनीक से खत्म हुई किसानों की समस्या

सच संवाददाता ॥ शाजापुर

इस बार खाद वितरण के लिए नई तकनीक अपनाई गई है। इसके तहत किसान एनआईसी के माध्यम से शाजापुर का कोड लगाकर 181 पर उर्वरक संबंधी डिमांड भेज सकता हैं। उसके बाद किसान को खाद की उपलब्धता का मैसेज भेजकर खाद वितरण किया जा रहा है। किसानों को किस डेट पर कहां से ओर कितना उर्वरक मिलेगा यह भी बताया जा रहा है।

इसके पहले किसानों को खाद के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लंबी लाईन में लगने के बाद भी कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। जिससे

किसानों को समय और पैसे का नुकसान उठाना पड़ रहा था। लेकिन अब किसानों के लिए नई तकनीक अपनाई जा रही है। जिसमें किसान अब आसानी से खाद प्राप्त कर रहे हैं। इन किसानों को एनआईसी के माध्यम से खाद वितरित किया जा रहा है। इसके अनुसार किसान 181 पर डिमांड भेज सकते है। जिसके बाद उन्हें मैसेज भेजकर बताया जा रहा है कि वे कहां से, कब और कितना खाद प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों का समय भी बच रहा है और उन्हें समय से खाद भी मिल रहा है और वह भी पर्याप्त।

प्रशासन का दावा है कि इस बार जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराया गया। कहीं भी किसानों को लाइन में नहीं लगना पड़ा। कृषि विस्तार अधिकारी डीआर मालवीय ने बताया कि साल 2024-25 में जिले में यूरिया का 35 हजार, डीएपी 12 हजार और एनपीके 18 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य था, जिसके तहत यूरिया का 28 हजार 507 मीट्रिक टन, डीएपी 10 हजार 34 और एनपीके 12 हजार 600 मेट्रिक टन का वितरण हो चुका है। वहीं जिले में अभी तक यूरिया 35 हजार 967 मीट्रिक टन, डीएपी 11 हजार 185 और एनपीके 13 हजार 689 मीट्रिक टन प्राप्त हो चुका है।

हनुमान अष्टमी पर निकलेगी शोभा यात्रा

शाजापुर। इस बार नगर में हनुमान अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन श्री राम सेना द्वारा नगर में पहली बार भव्य हनुमंत यात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में हनुमान जी की 51 किलो की चांदी की प्रतिमा भी शामिल की जाएगी।

शोभायात्रा की शुरूआत बालवीर हनुमान मंदिर से होगी जो वजीरपुरा, धानमंडी, किला रोड, छोटा चौक, बड़ा चौक, नई सड़क, बस स्टैंड, टेंशन चौराहा, काछीवाडा, मगरिया, सोमवारिया बाजार, कंस चौराहा से पुनः श्री बालवीर हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां शोभायात्रा का समापन होगा। इस शोभायात्रा में ढोल, तोश, बैंड, डीजे भी शामिल होंगे जो शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस शोभायात्रा में श्री राम सेना के अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी व जिलेवासी भी शामिल होंगे।

भारतवर्ष में एवम सनातन धर्म संस्कृति में हनुमान अष्टमी पर्व का बहुत बड़ा महत्व है। हनुमान अष्टमी को विजय उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन हनुमान जी ने पाताल में जाकर अहिरावण का वध किया और प्रभु श्री राम एवं लक्ष्मण जी को सुरक्षित धरती लोक पर वापस लेकर आए थे।

सच संक्षेप

छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

आष्टा। पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जत्रा के विद्यार्थियों ने राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्ट्डीजव राजश्री प्राइवेट आईटीआई आष्टा का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आईटीआई लैब व कंप्यूटर लैब के कामकाज के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक सीखने का अनूठा अवसर था। उन्होंने देखा कि कैसे थ्योरी को प्रैक्टिकल रूप में लागू किया जाता है। इस भ्रमण से छात्रों के ज्ञान में वृद्धि हुई है और उनके करियर के विकल्पों के बारे में भी उन्हें जानकारी मिली है। विद्यार्थियों के अनुभव यह भ्रमण उनके लिए बहुत उपयोगी रहा, बहुत कुछ नया सीखा है। महाविद्यालय संचालक ने कहा कि इस तरह के भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पीएम श्री विद्यालय खामखेड़ा जत्रा से प्राचार्य शिव शंकर तिवारी, राजेश शर्मा, अन्नपूर्णा मालवीय और अनमोल परमार द्वारा विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण राजश्री कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज व राजश्री प्राइवेट आईटीआई आष्टा में करवाया।

मोतियाबिंद जांच शिविर

बनखेड़ी। ओम आंख जांच केंद्र बनखेड़ी के सौजन्य से शंकराचार्य नेत्रालय झोतेश्वर द्वारा सेंट्रल बैंक के सामने बनखेड़ी में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। बता दें कि दृष्टि विशेषज्ञ अंकुल त्रिपाठी ने 168 मरीजों के आंखों की जांच की गई। जिसमें 96 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया। जिनको आज 62 मोतियाबिंद व 4 नाखुना के मरीजों को शंकराचार्य नेत्रालय झोतेश्वर भेजा गया। वहीं केंद्र संचालक प्रिंस बेलवंशी ने बताया कि शेष 30 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन हेतु 22 दिसंबर रविवार को शंकराचार्य नेत्रालय भेजा जाएगा। इस दौरान ओम आंख जांच केंद्र संचालक प्रिंस बेलवंशी, डीईओ कुमारी मुस्कान साहू एवं नेत्र सहायक श्रीमती सुधा सोनी, साहिल कुशवाहा उपस्थित रहे।

विधायक ने ली बैठक

बैरसिया। विधायक विष्णु खत्री ने जनपद सभागृह में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान को लेकर खंड स्तरीय बैठक में उपस्थित होकर सभी बिभागों के अधिकारियो को दिशा निर्देशित किया की नगर एवं ग्रामीण के लिए लाभकारी सबित हो जनकल्याण शिविर चलाया जाए, इस अभियान के अंतर्गत शासन की हितग्राही मूलक जनहितैषी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचें, ये सुनिश्चित किया जाए। कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न रहे। शिविर के माध्यम से हर समस्यो का निराकरण मौके पर ही हो इस अवसर पर जनपद सीईओ दिलीप कुमार जैन एसडीम आशुतोष शर्मा मंडी सचिव प्रताप सिंह राजपूत कृषि विभाग के अधिकारी पि एस गोयल सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में मौत

शाजापुर। जिले के उज्जैन मक्सी रोड पर 8 दिसंबर को हुए सड़क हादसे में घायल हुए मक्सी के भाजपा नेता डॉ. रवि पांडे के बेटे मयंक पांडे का निधन हो गया। हादसे के बाद से ही मयंक का इंदौर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गुरुवार रात को मयंक को इंदौर से शाजापुर जिला अस्पताल इलाज के लिए लाया गया था। सुबह उनकी मौत हो गई। हादसे में मयंक को सर और सीने में गंभीर चोट आई थी।

कार्यकारिणी गठित

शिवपुरी। गत दिवस स्थानीय मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला परिसर में अग्रसेन विकास परिषद की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अग्रसेन विकास परिषद के नवीन पदाधिकारियों ने अपने पदीय दायित्व की शपथ ली। इस अवसर पर कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित गर्ग, कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष पीपी गुप्ता सहित मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता (तिघरी) सहित अन्य वरिष्ठजन मौजूद रहे।

दूसरे ट्रक की नंबर प्लेट लगाकर करते थे गौ तस्करी

शिवपुरी। जिले की कोलारस थाना पुलिस ने वाहन में अन्य नंबर का इस्तेमाल कर पशु तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दूसरे ट्रक की नंबर प्लेट लगाकर पुलिस को गुमराह किया। पुलिस जब्त किए गए ट्रक के मालिक की तलाश में भोपाल तक पहुंच गई थी, फिर खाली हाथ लौटना पड़ा था।

दरअसल 30 अक्टूबर को कोलारस की लुकवासा पुलिस ने गौवंश से भरा एक ट्रक पकड़ा था, लेकिन गो तस्कर मौका पाकर फरार हो गए थे। पकड़े गए ट्रक पर MP 04 GA 7232 नंबर प्लेट लगी हुई थी। ट्रक में क्रूर तरीके से भरे 20 गोवंश में से 17 की मौत हो गई थी। पुलिस ने ट्रक की नंबर प्लेट के आधार पर जांच शुरू की थी।

फर्जी नंबर प्लेट लगी थी : लुकवासा चौकी प्रभारी शिखा तिवारी ने बताया कि पुलिस ने मामले में जब्त ट्रक नंबर MP 04 GA 7232 के आधार पर जांच शुरू की थी। ट्रक नंबर के आधार पर पुलिस टीम आयशर ट्रक मालिक ओमप्रकाश को तलाशते हुए भोपाल पहुंची थी। यहां पुलिस को उसी नंबर का दूसरा ट्रक मालिक के पास ही खड़ा मिला। तस्करों ने उसके ट्रक नंबर का गलत इस्तेमाल किया था। पुलिस ने जांच करते हुए ट्रक का असली नंबर का पता लगाते हुए ट्रक मालिक सोनू नाथ पुत्र किशन नाथ निवासी कंबन जिला धार और उसके साथी जितेंद्र पिता अशोक प्रजापति निवासी मालवीय नगर इंदौर व मनोज पुत्र कन्हैया लाल मीणा निवासी पीतमपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर में एमवी एक्ट जोड़कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

शिवपुरी। हमारा राष्ट्र एक युवा राष्ट्र है, हमारे युवाओं में प्रतिभा श्रम शीलता एवं जुझारू पन की कमी नहीं है लेकिन सही रचनात्मक दिशा के अभाव में लगभग 1/3 युवा शक्ति की धारा अपने उद्देश्य से भ्रमित होने के कारण राष्ट्र जिम्मेदार नागरिकों की, राष्ट्रीय विकास में सहभागिता से वंचित हैं। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ आज़ हुआ। तीन दिवसीय यज्ञीय कार्यक्रम का समापन पूर्णाहुति के साथ 23 दिसंबर सोमवार को होगा। गायत्री परिवार के संस्थापक संरक्षक युगदृष्टा गुरूदेव पं श्री राम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माताजी के सूक्ष्म संरक्षण में, धर्म तन्त्र से लोक शिक्षण केद्वारा जनमानस को अपने जीवन को मूल्यवान बनाने हेतु सही दिशा का भान कराने , शान्ति कुंज हरिद्वार पधारे विद्वानों द्वारा सार्थक मार्गदर्शन दिया जाएगा।

लखना तालाब से हटेगा अतिक्रमण



शिवपुरी। नरवर नगर परिषद में बहुत सारी एतिहासिक जल संरचनाएं थी जो कि विभिन्न लोगों द्वारा भराव करके अतिक्रमण करके खतम होती जा रही हैं। देवेन्द्र चौरसिया एवं जीतेन्द्र चौरसिया द्वारा यह मामला एनजीटी में दायर किया जिसकी सुनवाई में एनजीटी द्वारा कलेक्टर को कई निर्देश दिए गए हैं। एनजीटी द्वारा पूर्व में गठित कमिटी सिर्फ लखना तालाब का निरिक्षण करके वापस चले गए थे जिस पर आवेदकों द्वारा आपत्ति दर्ज की गई और एनजीटी द्वारा उसको माना गया। एनजीटी ने कलेक्टर, प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की कमिटी को पुनः नरवर के सभी झील-तालाबों के निरक्षण हेतु निर्देशित किया है एवं एक महीने के अन्दर रिपोर्ट देने को कहा है। 26 दिसम्बर को यह कमिटी नरवर में विभिन्न झील-तालाबों का निरिक्षण करेगी। एनजीटी ने यह पाया कि लखना तालाब एक वेटलैंड है और कलेक्टर को यह निर्देशित किया है कि लखना तालाब के वेटलैंड क्षेत्र में यदि कोई भी निर्माण कार्य किया गया है तोह उसको हटाया जाए और कलेक्टर द्वारा मामलें में रिपोर्ट दी जाए। एनजीटी ने नरवर के सभी झील-तालाबों में अतिक्रमण के लिए किये गए भराव को हटाने के लिए भी कलेक्टर को निर्देशित किया है।

काष्ठ लाभांश राशि वितरित

सिलवानी। रेंज परिसर बीकलपुर में काष्ठ लाभांश राशि का नगद वितरण बर्रापोड़ी वन समिति के सभी 269 हितग्राहियों को किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के हित के लिए महत्वपूर्ण कार्य प्रत्येक क्षेत्र में कर रही है। समाज के प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, पर्यावरण एवं वनों का संरक्षण ही एक मात्र उपाय है, आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने का, कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता दीपक सिंह रघुवंशी, रेंजर रोहित पटेल, धनराज आदिवासी सरपंच, आशीष रघुवंशी, राजा पटवा, सोनू रघुवंशी, वन विभाग स्टाफ़ सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

प्रताड़ना से तंग महिला ने काटी हाथ की नस

शाजापुर। नगर के लक्ष्मी नगर में एक युवती ने पारिवारिक विवाद के चलते ब्लेड से हाथ की नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। हाथ से खून बहता देख आसपा के लोगों ने डायल-100 को सूचना दी, जिससे महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

लक्ष्मीनगर निवासी कुमकुम का पति हेमंत सिसौदिया जेल में बंद हैं और उसे उसकी सास प्रेमलता सिसौदिया और जेठानी प्रताड़ित करती है। परिजनों की ओर से आए दिन मारपीट की जाती है। युवती ने बताया मां बाप ने भी छोड़ दिया है और पति जेल में हैं। मजदूरी करके अपना पेट भर रही हूं। परिवार के लोगों की पहले भी दो बार शिकायत कर चुकी हूं। मजबूरी में हाथ की नस ब्लेड से काट ली। जिला अस्पताल में महिला ने बताया कि उसका पति जेल में है, उसकी जेठानी मुसलमान है। ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते हैं। उसका कोई नहीं है। वह दो बार कोतवाली थाना और एक बार महिला थाना में शिकायत कर चुकी है। लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। रोज-रोज की घटना से तंग आकर शुक्रवार सुबह

अपने हाथ की नस काट कर आत्महत्या का प्रयास किया। डायल हंड्रेड पर पदस्थ प्रधान आरक्षक पवन कुमार शर्मा ने बताया कि पड़ोसियों की सूचना पर कोतवाली पुलिस और डायल 100 लक्ष्मी नगर पहुंची और महिला को लेकर जिला अस्पताल आई। यहां महिला को भर्ती किया गया है। कोतवाली पुलिस मामले द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

योजना की दी जानकारी

बैतूल। भारत सरकार द्वारा आयकर अधिनियम से संबंधित भारी संख्या में लंबित अपीलों के त्वरित निपटान के लिए वित्त विधेयक 2/2024 के चैप्टर-फोर में घोषित विवाद से विश्वास योजना 1 अक्टूबर से लागू हो गई है। इस योजना की जानकारी देने के लिए आयकर कार्यालय बैतूल द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें आयकर विभाग से प्रधान आयकर आयुक्त-1 भोपाल और अतिरिक्त आयकर आयुक्त-1 परिक्षेत्र-1 भोपाल, आयकर अधिकारी (तकनीकी) और आयकर अधिकारी बैतूल शामिल हुए। आयकर अधिकारी बैतूल ने विवाद से विश्वास योजना 2024 के प्रावधानों को बताया और इस योजना का लाभ कौन ले सकते है, योजना के तहत आवेदन करने से क्या लाभ मिलेंगे, ये योजना किस तरह से लागू होगी, इसकी टाइमलाइन क्या रहेगी इसके बारे में भी जानकारी दी। आयकर अधिकारी ने बताया कि विवाद से विश्वास योजना 2024 में वे अपीलार्थी सेटलमेंट के लिए आवेदन दे सकते है।

समस्या को लेकर रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

शाजापुर। वार्ड 15 की पार्षद भावना सत्या वात्रे ने अपने वार्डवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए वार्डवासियों के साथ पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें समस्याओं व लोगों की सुविधा की मांग की गई।

वार्ड पार्षद ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मधु सक्सेना को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि वार्ड में महादेव घाट पर टीनशेड निर्माण के लिए टेंडर किया गया था, लेकिन आज तक ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया हैं। वार्ड पार्षद ने मांग की कि उस टेंडर को निरस्त कर पुनः टेंडर प्रक्रिया किए जाने की मांग की। दूसरे ज्ञापन में उन्होंने बताया कि वार्ड वासियों को वर्ष 2021 से आज तक वार्डवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है जो बार-बार आकर इससे मुझे अवगत करवा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि आज तक प्राप्त वार्ड के आवेदनों को नवीन डीपीआर में दर्ज करवाया जाए ताकि वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सके।

जयस ने किया सम्मान

बैतूल। जिले के ग्राम पलासपानी, विकासखंड भीमपुर के रहने वाले युवक कुणाल परते पिता दलपसिंग परते ने प्राकृतिक बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता मसलमेनिया में देशभर में दूसरी रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 14 दिसंबर को बैंगलोर में आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि के लिए रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम बैतूल में जयस संगठन के द्वारा कुणाल का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में जिला जयस प्रभारी महेश शाह उइके, जयस ब्लॉक उपाध्यक्ष ऋतिक परते, जिला जयस मीडिया प्रभारी सौरभ सलामे, जयस नगर अध्यक्ष राजू उइके, थावड़ी के सरपंच विजय धुर्वे, जयस नगर महासचिव संजू धुर्वे आदि शामिल थे।

मंडल अध्यक्ष चयन में उपेक्षा का आरोप

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम विधानसभा जिसमे कई वर्षों से ब्राह्मण समाज से ही विधायक विजय होकर आते है वैसे नर्मदापुरम विधानसभा ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र है। पर भाजपा को यहां के ब्राह्मणों से परहेज है। यह हम यह इसलिए कह रहे क्योंकि नर्मदापुरम विधानसभा में 5 मंडलों में से एक भी किसी ब्राह्मण को मंडल अधिक नहीं बनाया गया। 3 मंडल अध्यक्ष चोरे कुर्मी समाज से एक राजपूत ओर एक कलार समाज से बनाया गया। नर्मदापुरम शहर में नर्मदापुर मंडल से प्रशांत तिवारी और वंदना दुबे को मंडल अध्यक्ष नहीं बनाने से ब्राह्मण समाज के लोगो में काफी नाराजगी है जन चर्चा के अनुसार अखिलेश खंडेलवाल के समर्थक और विधायक का विरोध करने वाले रूपेश राजपूत को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। हालांकि नर्मदापुरम ग्रामीण भी गोकुल पटेल का अध्यक्ष बनना बीजेपी के कुछ पदाधिकारी को पसंद नहीं आई है। नर्मदापुरम में ब्राह्मण समाज के अलावा लोधी और ग्वाल समाज को तवज्जो नहीं दी गई जबकि यह सभी बीजेपी के वोटर रहे है।

2023 के विधानसभा चुनाव में भी इन तीनों समाज के लोगो ने बीजेपी को विजय दिलाई थी पर बीजेपी इन्हें बार-बार दरकिनार क्यों कर रही है। वैसे रूपेश के मंडल अध्यक्ष बनने से मंत्री का खेमा पूर्व नपाध्यक्ष और राज्यसभा सासंद का खेमा काफी खुश माना जा रहा है। पर रोहित गौर को किस बात की सजा मिली, सुबह से लेकर शाम तक बीजेपी कार्यालय में संगठन के काम करने का फल है। या जिन नेताओं के साथ रोहित दिन भर रहता था उन्हीं ने प्यार से रोहित को दरकिनार कर दिया। हालांकि भरत सिंह के खास रूपेश के मंडल अध्यक्ष बनने के बाद विरोध के स्वर सामने आने लगे है। वंदना दुबे हो या प्रशांत तिवारी या अजय रतनानी का मंडल अध्यक्ष न बनने से आगामी चुनाव में बीजेपी को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाया हुनर

बनखेड़ी। नगर के प्रतिष्ठित सीबीएससी शिक्षण संस्थान सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका मकसद बच्चों की क्रिएटिविटी को जाहिर करना है। संस्था के आर्च विशप ने कहा हमारा इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों के कौशल विकास को बढ़ावा देना हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तहसीलदार अलका इक्का ने बच्चों की क्रिएटिव कोशिश पर खुशी जाहिर की एवं प्रदर्शनी में छात्रों की मेहनत की सराहना की। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल स्टेन जेरी एन्टो ने कहा स्कूली छात्रों को इस आयोजन को लेकर जो टास्क हमने दिया वह उन्होंने अपने कौशल से पूरा किया। हमारी कोशिश हैं कि संस्था के बच्चें खेल, कौशल, एंकरिंग, स्पीच, आर्ट्स में भी अपना हुनर दिखाएं। उनकी प्रतिभा को निखारने जरूरी हैं कि उन्हें प्रतिस्पर्धा में अवसर मिले। प्रदर्शनी में छोटी से लेकर हायर सेकेंडरी क्लास के बच्चों ने कला, कल्चर, इतिहास एवं प्रकृति तथा कॉमर्स, साइंस से सम्बंधित आकर्षित मॉडल खुद से तैयार किए।

श्रीराम कथा के समापन पर भंडारा आयोजित

नर्मदापुरम। श्री रूद्र ब्रह्मचारी तपस्वी जोगेश्वरी (बाईराम) माता जी की 21वीं तथा स्व. श्रीमति कमलाबाई राजपूत की 6वीं पुण्य स्मृति तपोवन आश्रम बान्द्राभान उत्तर तट तह. बुधनी में डॉ. रामकमलदास वेंदाती जी महाराज द्वारा श्री रामकथा एवं भजनांजली के संगीतमय आयोजन के समापन पर आज विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

कथा के चतुर्थ दिवस कथा वाचक ने कहा कि रामायण अनुसार जटायु गृध्रराज थे और वे ऋषि ताक्षर्य कश्यप और विनीता के पुत्र थे। गृध्रराज एक गिद्ध जैसे आकार का पर्वत था। दोनों को कई जगहों पर गिद्धराज तो कुछ जगहों पर गरूड़ बंधु कहा गया है। पुराणों के अनुसार सम्पाती बड़ा था और जटायु छोटा।

राम,सीता व लक्ष्मण द्वारा वन गमन के दौरान इंद्रदेव का पुत्र जयंत पक्षी का रूप धारण कर भगवान राम की परीक्षा लेने के लिए मां सीता के पैर में चोंच मारकर लहूलुहान कर देता है। इस नजारे को देख श्रीराम अचंभित होकर सीता से इसका हाल जानते हैं। तत्पश्चात जयंत को मारने के लिए उन्होंने वाण छोड़ दिया।

पक्षीराज जटायु ने रावण को सीता माँ का अपहरण करके जाते हुए देखा था। जटायु ने सीता माँ को बचाने के लिए रावण से युद्ध किया था। कथा श्रवण के विए प्रेमशंकर वर्मा विधायक सिवनी मालवा, पंडित गिरिजा शंकर शर्मा पूर्व विधायक,हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक, संपत मूंदड़ा, नरेन्द्र चौहान मासाब, कथा आयोजक रमाकांत भार्गव विधायक बुधनी एवं अध्यक्ष ट्रस्ट समिति एवं अध्यक्ष मार्कफेड, राजेन्द्र सिंह अध्यक्ष म.प्र.वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, विजयपाल सिंह विधायक एवं कार्यकारी अध्यक्ष ट्रस्ट समिति, महेश उपाध्याय अध्यक्ष सलकनपुर ट्रस्ट सहित बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

जोन क्र. 02 (यांत्रिक विभाग)

क्र. 41/यां.वि./2024-25 भोपाल, दिनांक 16/12/2024

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं।

TENDER START DATE 16.12.2024 BID SUBMISSION END DATE 30.12.2024 OPEN DATE 31.12.2024

क्र.	ऑनलाइन निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	प्रपत्र राशि	कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर.	कार्य की अवधि
1.	2024_UAD_388487_1	CONST. OF C.C. ROAD AT AZAD BASTI MAIN ROAD GOYAL HOUSE TO JHA HOUSE WARD NO. 21, Z-02	528450	5285	2000	ROAD AND BRIDGE 2012	02 month
2.	2024_UAD_388494_1	CONST. OF C.C. ROAD AT KAILASH MEENA HOUSE TO KUMHARPURA GALI WARD NO. 21, Z-02	310566	3106	2000	ROAD AND BRIDGE 2012	02 month
3.	2024_UAD_367157_1	CONST. OF R.C.C. DRAIN AT NALANDA HOTEL LANE AT NADEEM ROAD RAYMOND SHOWROOM TO CLOTH HOUSE NADEEM ROAD W- 21 Z-02	258474	2585	2000	BUILDING ISSR 2012	02 month

1. प्रपत्र की निर्धारित राशि एप एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी website https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करपने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।
3. सफलतम निविदाकार से अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी (Additional performance guarantee security) के रूप में, प्राप्त निविदा राशि (contract amount) एवं एस.ओ.आर. से 10 प्रतिशत कम की निविदा राशि (cost of PAC @ 10% Below) के अंतर की राशि लिया जाना प्रावधानित है।

सहायक यंत्री
जोन क्र. 02
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 980/024/025